# पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर

कोनी–बिरकोना मार्ग, ग्रा.पो. बिरकोना, बिलासपुर छ.ग. पिन नं.– 495005
फोन : 07752–213070,213072,643644,645346
website : www.pssou.ac.in, E-mail : registrar@pssou.ac.in

क्र. 539 / प्रवेश / 2013 बिलासपुर दिनांक : 07 / 07 / 2013

## प्रवेश / पंजीयन सूचना

शैक्षणिक सत्र 2013–14 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में दूरवर्ती शिक्षा के अंतर्गत प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं –

**अंतिम तिथि 31 / 08 / 2013**

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | आवश्यक अर्हता | न्यूनतम अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक उपाधि का प्रारंभिक पाठ्यक्रम – बी.पी.पी. | औपचारिक शिक्षा | 6 माह (वर्ष में एक परीक्षा) |
| 2 | स्नातक पाठ्यक्रम – बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.–सी. (बायो एवं गणित), बी.लिब एण्ड आई.एस.सी. | (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 3 वर्ष |
| 3 | स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम – एम.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति, समाज शास्त्र), एम.एस.सी.(गणित) | बी.ए. / बी.एस–सी परीक्षा उत्तीर्ण | 2 वर्ष |
| 4 | पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम – पी.जी.डी.सी.ए., पी.जी.डी.एच.ई.(उच्च शिक्षा), पी.जी.डी.वाई. एस. (योगविज्ञान), पी.जी.डी.ई.ई.एस.डब्ल्यू., पी.जी.डी.पी.सी. एच.एस.पी. (सांप्रदायिक सौहार्द्र एवं सामाजिक शांति का दर्शन) | स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण | 1 वर्ष |
| 5 | डिप्लोमा पाठ्यक्रम – डी.सी.ए., डी.डी.ई.(दूरस्थ शिक्षा), डी.वाई.एस.(योगविज्ञान), डी.जे.व्ही.(ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र), डी.ए.पी.(आयुर्वेद प्रबोध), डी.एच.सी.एम.एम.(वनौषधि), डी.एफ.डी.(फैशन डिजाईनिंग), डी.एफ.ए.(फाईन आर्ट), डी.आई.डी. (इंटीरियर डेकोरेशन), डिप्लोमा इन सोलर एप्लीकेशन, डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर। | 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 1 वर्ष |
| 6 | सर्टिफिकेट एवं औपचारिक पाठ्यक्रम बेसिक सेनीटेशन, रामायण प्रबोध, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास, छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति, माईन्स सर्वेक्षण, काष्ठ एवं बांस कला, डिजिटल फोटोग्राफी / विडियोग्राफी, कार्यालय प्रबंधन | 8 वी परीक्षा उत्तीर्ण | 6 माह |

- रू. 150 / – का बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के नाम पर हो एवं बिलासपुर में देय हों। जमाकर अध्ययन केन्द्र / क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र बिलासपुर, अंबिकापुर, रायपुर, जगदलपुर से प्रवेश विवरण पुस्तिका प्राप्त कर सकते है (डाक से प्रवेश विवरिका प्राप्त करने पर रू. 200 / – का बैंक ड्राफ्ट इेना होगा) एवं संपूर्ति **प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 / 08 / 2013** निर्धारित है।

कुमार.

- प्रवेश आवेदन पत्र वि.वि. की वेबसाइट **www.pssou.ac.in** से भी डाउनलोड किये जा सकते है। डाउन लोड किए गये प्रवेश आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क रू. 150/– का ड्रॉफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की संख्या 25 से कम होगी वे पाठ्यक्रम संचालित नहीं किये जायेंगे। ऐसी स्थिति में छात्र का पाठ्यक्रम शुल्क लौटा दिया जाएगा।
- जो छात्र जुलाई–अगस्त 2013 में आयोजित स्नातक पाठ्क्रम के प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित हो रहे है वे क्रमशः स्नातक पाठ्यक्रम के द्वितीय अथवा तृतीय वर्ष में विधिवत् प्रवेश ले सकेंगे। इसी प्रकार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष (पूर्व) की परीक्षा में जो छात्र सम्मिलित हो रहे है, वे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में प्रवेश ले सकेंगे।
- स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष की परीक्षा अगस्त 2013 में सम्मिलित छात्र परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक माह के भीतर पात्रता अनुसार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकेंगे।
- सभी छात्रों को पाठ्यक्रम का पूर्ण शुल्क देना होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों को राज्य शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की पात्रता होगी।
- प्रवेश आवेदन पत्र संबंधित विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र में ही जमा करना होगा।

कुलसचिव
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय

पृ.क्र. 540 /प्रवेश/2013 बिलासपुर दिनांक : 07/07/2013

प्रतिलिपि–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति के सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय समन्वयक, बिलासपुर, रायपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर को इस निर्देश के साथ कि वे अपने क्षेत्र के सभी अध्ययन केन्द्र के प्रभारियों को अधिसूचना की प्रति के साथ प्रवेश विवरिका उपलब्ध कराएं तथा प्राप्त आवेदन पत्र व शुल्क का ड्राफ्ट यथासमय उनसे प्राप्त कर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराते रहें ताकि निर्धारित अवधि में बैंक ड्राफ्ट बैंक में जमा हो सकें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को सूचनार्थ।
4. वित्ताधिकारी को सूचनार्थ।
5. प्रभारी ..... विभाग को सूचनार्थ।
6. संपादक दैनिक ..... को अधिसूचना अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के सभी संस्करणों में समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय